हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025








मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा
दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### हनुमान प्राकट्य दिवस पर चर्रा में शोभायात्रा निकलेगी

**कुरूद।** इस वर्ष भी श्री हनुमान प्राकट्य दिवस पर 12 अप्रैल को श्री दक्षिणमुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर बजरंग चौक चर्रा में सुबह पूजा, आरती हवन यज्ञ, 12 बजे सामूहिक सुन्दरकांड का पाठ, प्रसादी भण्डारा और भव्य शोभायात्रा रामदरबार झांकी के साथ निकाली जायेगी जो ग्राम भ्रमण के बाद वापस श्री दक्षिणमुखी पंचमुख हनुमान मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। समिति के सदस्य गीतांश यादव ने बताया कि श्री हनुमान लला की सिद्धि हमें उनके जीवन के गुणगान, माता-पिता की सेवा, श्रीराम भक्ति जैसी सेवा, बल बुद्धि का जनकल्याण में सदउपयोग करने जैसे महान उद्देश्यों को पूरी करने पर मिलती है।



### रक्तदान शिविर का आयोजन 10 को

**अंवरी।** भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम रानीतराई जैन युवा मंच भखारा राज के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। यह जानकारी गौतम पारख ने दी है।

### करेली बड़ी में मानसगान सम्मेलन 10 को

**मगरलोड।** श्री शिव मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव पर संगीतमय मानसगान सम्मेलन हनुमान मंदिर पुराना बाजार चौक करेली बड़ी में 10 से 12 अप्रैल तक किया गया है। इसमे ख्यातिप्राप्त मंडलियां तीन दिनों तक राम नाम की महिमा का बखान करेंगी। इसकी तैयारी में श्री शिव मानस मण्डली के सदस्य महेंद्र साहू, थानेश्वर साहू, श्याम साहू, लेखराम साहू, चेतन निषाद, बल्लू साहू, मनहरण साहू, तिलक साहू , खोमेश साहू, गुलशन साहू, मनीष साहू, तोमेश साहू, हेमन्त साहू, रमेश साहू, देवीलाल निषाद समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जायेगा। जसबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। करीब 32 वर्ष पहले ग्राम के जसबीर सिंह गुरुदत्ता, कृष्णमोहन अग्रवाल, धनीराम विश्वकर्मा एवं गांव के अन्य सहयोगियों द्वारा यह जन्मोत्सव प्रारंभ किया गया था जो आज भी निरंतर जारी है। 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना ग्राम के पंडित द्वारा संपन्न कराई जायेगी। मुख्य यजमान पूजा अग्रवाल, वैभव अग्रवाल होंगे। जन्मोत्सव के 33 वर्ष पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं के लिए सार्वजनिक लंगर की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की तैयारी में हनुमान जन्मोत्सव समिति के सेवक जसबीर सिंह गुरुदत्ता, बबलू सिन्हा, सरपंच देशांत सिन्हा, राधेरमण, तुलसी साहू, धनेश्वर साहू, द्वारिका साहू, भागवत, महेंद्र तारक समेत अन्य जुटे हुए हैं।



कार्यपालन अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अधिकांश महत्वपूर्ण पद रिक्त

# निगम में बिना अधिकारियों के काम हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। न तो यहां स्वच्छता निरीक्षक हैं और न ही कार्यपालन अभियंता। सब इंजीनियर के 8 पद में से सिर्फ दो पद ही भरे हुए हैं। ऐसे में न तो काम में गुणवत्ता आ रही है और न ही कर्मचारियों पर दबाव बन रहा है। यही नहीं अधिकारी से लेकर कर्मचारियों पर काम का बोझ दो से तीन गुना ज्यादा है।

जिले का सबसे बड़ा नगरीय निकाय बदहाली के दौर से गुजर रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी है। सालों से नगर निगम में कर्मचारियों की भर्ती के लिए कोई प्रक्रिया नहीं की गई है। यही कारण है कि नगर निगम धमतरी में स्वीकृत पदों में से करीब 50 प्रतिशत पद रिक्त है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में कुल 342 पद स्वीकृत हैं, जिसमें से 176 पद ही भरे हुए हैं, जबकि 166 पद रिक्त हैं। पद रिक्त होने का असर नगर निगम की कार्यशैली पर भी पड़ रहा है। कर्मचारियों को प्रभारी के तौर अधिकारियों की कुर्सी पर बिठाकर काम लिया जा रहा है, जो सहकर्मी पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं। यही नहीं कर्मचारियों पर काम का दबाव भी काफी ज्यादा है। कर्मचारियों की कमी से न तो ढंग से राजस्व वसूली हो रही है और न ही कार्यों की गुणवत्ता की जांच ढंग से हो रही है।



### प्रशासनिक पद रिक्त

नगर निगम में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद ही रिक्त हैं। न तो यहां पर राजस्व अधिकारी हैं और न ही स्वास्थ्य अधिकारी। स्वच्छता निरीक्षक के पद भी खाली हैं। यहां पर 4 स्वच्छता निरीक्षक के पद हैं, जिसमें से 2 पद खाली है। दो पद भरे हुए हैं, वे भी दूसरे नगरीय निकाय में काम रहे हैं। राजस्व अधिकारी और राजस्व निरीक्षक नहीं होने वसूली सहित अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### तकनीकी कार्य भी प्रभावित

नगर निगम में कार्यपालन अभियंता का पद लंबे समय से रिक्त पड़ा हुआ है। सहायक अभियंता के 2 पद हैं, जिसमें एक रिक्त है। एक सहायक अभियंता हैं, वे भी दूसरे निकाय में कार्यरत हैं। उप अभियंता के 8 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 6 पद भरे हुए हैं । विडंबना यह है कि इसमें से अधिकांश दूसरे निकाय में कार्य कर रहे हैं। दो सबइंजीनियर काम कर रहे हैं। वे ही स्वास्थ्य, निर्माण, जल, विद्युत सहित सभी तकनीकी कार्यों को देख रहे हैं।

### ये पद हैं खाली

निगम में नगर निवेशक, सहायक नगर निवेशक, जनसंपर्क अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक, 1 सहायक ग्रेड 2, 6 सहायक ग्रेड 3, 11 सहायक राजस्व निरीक्षक, 3 समयपाल, स्वास्थ्य अधिकारी, 2 स्वच्छता निरीक्षक, 5 पंप चालक, प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर, स्टेनो टाइपिस्ट, तकनीकी सहायक, 8 सफाई दरोगा, कंपाउंडर, 8 वायरमेन, राजगीर, 13 पंप कुली ,8 फिल्टर कुली सहित और कई पद रिक्त हैं।

## साइबर सेल से हटाए गए 11 पुलिसकर्मी



■ पुलिस कस्टडी में युवक की मौत के बाद एसपी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस कस्टडी में हुई युवक की मौत के बाद एसपी ने साइबर सेल में पदस्थ 11 पुलिस कर्मियों को हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पुलिस अभिरक्षा में एक युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया था। परिजनों के हंगामे व प्रदर्शन के बाद पुलिस अधीक्षक ने 2 अप्रैल की शाम अर्जुनी थाना व साइबर प्रभारी सन्नी दुबे को सस्पेंड कर दिया। इस कार्रवाई के बाद एसपी ने मामले की जांच के लिये गठित समिति के अर्जुनी थाना पहुंचने से पहले साइबर सेल में पदस्थ 11 पुलिसकर्मियों को हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है। प्रआ लोकेश नेताम, युवराज ठाकुर, कृष्ण कन्हैया पाटिल, विकास द्विवेदी, मनोज साहू, मुकेश मिश्रा, आनंद कटकवार, योगेश साहू, योगेश नाग, दीपक साहू व किशोर देशमुख को रक्षित केन्द्र भेजा गया है।

## निगम के सार्वजनिक नलों से टोटी हो रही गायब

■ लापरवाही : प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की हो रही बर्बादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जनता की लापरवाही व निगम कर्मचारियों की उदासीनता से वार्डों में सार्वजनिक स्थलों पर लगे अधिकतर नलों के टोटी गायब रहते हैं, जिसके कारण हजारों लीटर शुद्ध पेयजल व्यर्थ बहता है। सार्वजनिक स्थलों पर नया नल लगाते समय निगम द्वारा बकायदा टोटी दी जाती है जो नलों को खोलने और बंद करने में सहायक होती है। कुछ दिनों बाद उपयोगकर्ताओं द्वारा नलों की टोटी उखाड़ दी जाती है। कुछ जनसेवक टोटी लगाने की मुहिम छेड़ते हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं होती। पानी व्यर्थ बहते देखकर लोगों को मन नहीं पसीजता। मूकदर्शक जनता निगम को सूचना भी नहीं देती। इधर निगम कर्मचारी बताते हैं कि जानकारी के बाद खुले नलों में टोटियां लगाते हैं लेकिन कुछ दिन के बाद लोग उसे फिर उखाड़ देते हैं। उखाड़ने का कारण पूछते पर कहते हैं कि नलों की रफ्तार कम है। पानी कम आने के कारण कुछ लोग उखाड़ देते हैं।

शहरी नागरिक तुलाराम सिन्हा ने हरिभूमि को फोटो भेजते हुए बताया कि वि स्वयं के खर्च से सार्वजनिक नलों में टोटी लगने का काम करते हैं। लोगों को बताते हैं कि टोटी न उखाड़े, फिर भी लोग टोटी उखाड़ देते हैं। इसकी शिकायत निगम कर्मचारियों से कर संबंधित व्यक्ति को दंडित करने का सुझाव भी दिया था। पिछले सप्ताह 10-12 नग टोटी नलों में लगाई थी जिसमें से दो टोटी गायब हो गई है।

## जिले के 2 प्रकरण लिए गए वापस

■ राज्य शासन ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की दिशा में लिया महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। न्यायालय से स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। धमतरी जिले के 2 प्रकरण को वापस लिया गया है। ग्राम बाजारकुर्रीडीह में धान खरीदी केंद्र खोलने एवं कुकरेल से बिरझुली तक डामरीकरण सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम एवं आवागमन बाधित करने के कारण अनीता ध्रुव, राज बाई ध्रुव, देवकी ध्रुव, वामन साहू, अजय यादव, मोहनदास मानिकपुरी, सुखराम साहू, चिंताराम ध्रुव, रोमन साहू, संतोष यादव, राजेंद्र साहू, भुनेश ध्रुव, सत्यवान मरकाम, मीनेश ध्रुव, भगवान सिंह सिन्हा और नरेंद्र चंद्राकर के खिलाफ अपराध क्रमांक 40/22 पंजीबद्ध किया गया था। न्यायालय द्वारा 28 फरवरी 2025 को प्रकरण वापस लिया गया। वहीं अनुराम चंद्राकर और विजय मोटवानी द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालने के कारण अपराध क्रमांक 467/22 पंजीबद्ध किया था, जिसे न्यायालय द्वारा 27 फरवरी 2025 को वापस लिया गया। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार सुशासन की सरकार है। हमारी सरकार में किसी भी निर्दोष के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा। लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, दूसरा घायल



■ छुही-सलोनी मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बच्चे का उपचार कराकर घर लौट रहे वृद्ध की मोटर साइकिल डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में वृद्ध की मौत हो गई। वहीं सवार घायल हो गया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा निवासी पूरनलाल कंवर पिता दसरूराम उम्र 72 वर्ष अपने रिश्तेदार पुष्कर कंवर उम्र 52 वर्ष के साथ अपने नाती खेमू कंवर उम्र 5 वर्ष का उपचार कराने सोमवार को मोटरसाइकिल से ग्राम लीलर गया था। यहां रात रूकने बाद दूसरे दिन मंगलवार की दोपहर तीनों मोटरसाइकिल से वापस अपने घर ग्राम सिरसिदा लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम छुही-सलोनी के बीच केरेगांव के पास मोड़ में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस घटना में वृद्ध व पीछे सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बच्चे को मामूली चोट आई थी। सूचना पर संजीवनी 108 मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद पूरनलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अधेड़ को वार्ड में भर्ती किया गया। बच्चे का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल को दूसरे दिन अन्य अस्पताल ले जाया गया है। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### खिसोरा में वार्षिक सम्मेलन 13 को

**मगरलोड।** कोसरिया मरार (पटेल) समाज राजिमराज जिला गरियाबंद का वार्षिक सम्मेलन 13 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर खिसोरा सेनानी भवन के सामने आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग होंगे। अध्यक्षता तेजराम पटेल अध्यक्ष राजिम राज जिला गरियाबंद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि राजेन्द्र नायक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजक मरार समाज छत्तीसगढ़, सुनील पटेल प्रदेश अध्यक्ष मरार समाज छत्तीसगढ़, प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष धमतरी, विशेष अतिथि वीरेन्द्र कुमार साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, टीकाराम कंवर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती तिलोत्मा साहू जनपद सदस्य मगरलोड, श्रीमती राखी साहू सरपंच खिसोरा, सोमनाथ पटेल प्रदेश महामंत्री, फिरंगी पटेल प्रदेश अंकेक्षक, नारायण पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष, नारायण पटेल सचिव राजिम राज, कैलाश पटेल कोषाध्यक्ष राजिम राज, श्रीमती इन्दु पटेल उपसरपंच खिसोरा होंगे। यह जानकारी राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल शिक्षक ने दी है।

## तीन बदमाशों को किया जिलाबदर

■ एसपी की अनुशंसा पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने की कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर ने एसपी की अनुशंसा पर कोतवाली थाना क्षेत्र के तीन बदमाशों को एक-एक वर्ष के लिये जिलाबदर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5-क, ख के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के तीन बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिये जिला बदर का आदेश पारित किया है। इस कार्रवाई में भावेश मंडावी पिता विष्णु उम्र 27 वर्ष बनियापारा धमतरी, हिमांचल गौतम उर्फ पिन्टू पिता फनेन्द्र गौतम उम्र 19 वर्ष मोटर स्टैण्ड वार्ड व साहिल गौली उर्फ मुंडुल पिता कृपाल गौली उम्र 19 वर्ष रिसाईपारा पूर्व धमतरी निवासी को 1-1 वर्ष के लिये जिलाबदर किया गया है। बदमाशों को धमतरी जिला एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग व कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने तीनों बदमाशों को उपरोक्त जिलों की सीमाओं से हट जाने एवं 1 वर्ष की समयावधि से पहले सक्षम न्यायालय के अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने का आदेश पारित किया है। यदि इसके बाद भी जिला बदर तीनों बदमाश आदेश का उल्लंघन करे तो उनके विरूद्ध छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। वर्ष 2024-25 में अभी तक जिला दण्डाधिकारी के समक्ष गुण्डा-बदमाशों के विरू8 कार्रवाई के लिये कुल 22 प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं जिसमें से अब तक 18 बदमाशों पर जिलाबदर की कार्रवाई की जा चुकी है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

सरकार ने सुराज अभियान की तर्ज पर सुशासन तिहार का किया आयोजन

# हर कार्यालय, पंचायत में लगी समाधान पेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा शासन ने अपने पुराने सुराज अभियान की तर्ज पर सुशासन तिहार की शुरूआत कर दी है। इसके तहत ग्राम पंचायत से लेकर कलेक्टोरेट तक सभी दफ्तर में शिकायत पत्र लेने के लिए समाधान पेटियां लगाई गई हैं। आवेदन संग्रहण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चलेगा। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन भी आवेदन करने के लिए पोर्टल लांच किया गया है। इन आवेदनों के निराकरण के बाद गांवों में समाधान शिविर लगाकर लोगों को आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी जाएगी।




राज्य शासन के आदेश पर सुशासन दिवस के तहत जिले के हर सरकारी विभाग में समाधान पेटियां लगाई गई हैं। ग्राम पंचायत, हाट बाजार, कामन सर्विस सेंटर सहित लगभग सभी सार्वजिनक जगहों पर पेटियां लगाकर लोगों से शिकायत, सुझाव, मांग आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सुशासन तिहार डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन पर जाकर भी आनलाइन शिकायत, मांग व सुझाव दिया जा सकता है। जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद सभी विभागों में इन आवेदनों को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। एक माह के भीतर सभी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसके बाद 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाकर लोगों को आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। हर 8-10 गांवों को लेकर एक शिविर लगाया जा रहा है।

Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned CTVS Surgeon in Raipur
Apollo HOSPITALS
B - 25, Bagrecha Nursing Home, Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM
For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666

Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS & Heart Transplant Surgeon
Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.
• Aortic valve disease • Coronary artery disease • Sick sinus syndrome
• Atrial Fibrillation • Pericardial effusion • Hole In The Heart
• Cardiomyopathy • Pulmonary Hypertension • Congenital Heart Surgery
Embassy

# महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

भगवान श्री महावीर स्वामी जी
के जन्म कल्याण महोत्सव की हार्दिक बधाई
श्री सेठिया ज्वेलर्स इतवारी बाजार, धमतरी

भगवान श्री महावीर स्वामी
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
महक उठेगी दुनिया सारी यदि क्षमा का फूल खिला दो। वैर विरोधी मन से हटाकर अंतर स्नेह का दीप जला लो।।
सोना-चांदी हीरा राशि रत्न
आमंत्रण ज्वेलर्स
प्रो. ज्ञानचंद लुनावत . संकेत लुनावत
शनि मंदिर के पास, बालक चौक, धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. : 8871612000, 9425512392

भगवान महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव
एवं हनुमान प्राकट्य उत्सव
की नगरवासियों को बहुत बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं...
अहिंसा परमो धर्मः
लक्की पारख
पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पीजी कालेज धमतरी
मोहित छाजेड़
सिद्धार्थ वैद
शुभेच्छु : समस्त मित्रगण

अहिंसा ही सबसे बड़ा धर्म है
जो सबके कल्याण की कामना करता है
- महावीर -
भगवान महावीर स्वामी जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत : श्री मंगलम् होल सेल्स , नगर पंचायत भखारा



णमो अरिहंताणं,
णमो सिद्धाणं,
णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं,
णमो लोए सव्व साहुणं,
एसो पंच णमोक्कारो,
सव्व पावप्पणसणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं,
पढमं हवई मंगलं।।

जैन धर्म है हमारी पहचान
महावीर स्वामी हैं जिसकी शान
सत्य अहिंसा
धर्म हमारा

भगवान महावीर जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अरिहंत राईस इंडस्ट्रीज
प्रोपराइटर नीलेश जैन
मो. : 94252-59620, 93000-59620

ॐ नमो अरिहंताणं
जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर
भगवान श्री महावीर स्वामी जी
के जन्म कल्याणक की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश सिंह वशिष्ट
ब्यूरो चीफ हरिभूमि धमतरी जिला




अहिंसा के अवतार
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव
की नगरवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं...
सुमित जैन
प्रदेश सचिव, जैन श्री संघ छत्तीसगढ़

अहिंसा परमो धर्मः
सिद्धों का सार, आचार्यों का साथ, साधुओं का साथ, अहिंसा का प्रचार
यही है भगवान महावीर का का सार
समस्त क्षेत्रवासियों को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर
भगवान श्री महावीर स्वामी जी
के जन्म कल्याण महोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामना
अरुणोदय
फूड्स प्राइवेट लिमिटेड
अंबिका राईस मिल
नवीन सांखला
रतनचंद राजेश कुमार सांखला
शांति कॉलोनी, धमतरी

संकलनकर्ता : उमेश सिंह वशिष्ट हरिभूमि ब्यूरोचीफ धमतरी 98261-14710
रवि सिंह राजपूत विज्ञापन प्रभारी धमतरी 83058-71196

महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में बिहार राज्य में वैशाली जिले के पास कुंडग्राम में हुआ था। वह जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे और इतिहास से पता चलता है कि उनसे पहले तीर्थंकर की जयंती सदियों से मनाई जाती थी।

जैन धर्म और धार्मिक तपस्वियों के लिए महावीर जयंती एक आध्यात्मिक अवसर है। वे अपना समय ध्यान और महावीर के श्लोकों का पाठ करने में बिताते हैं। आमतौर पर, पूजा और ध्यान का स्थान एक मंदिर होता है। भक्त देश भर में स्थित महत्वपूर्ण सामान्य और जैन मंदिरों की यात्रा भी करते हैं। कई जैन गुरुओं को मंदिरों और यहां तक कि घरों में महावीर की शिक्षाओं और अहिंसा तथा मानवता के सिद्धांतों के बारे में प्रचार करने के लिए आमंत्रित भी किया जाता है। महावीर जयंती का पालन करने के लिए एक सख्त उपवास का अभ्यास भी महत्वपूर्ण तरीकों में से एक है। महावीर के उपदेश के अनुसार भक्त मानवता, अहिंसा और सद्भाव को अधिक महत्व देते हैं।

## महावीर जी के अनमोल विचार

महावीर जी ने अपने विचारों दारा सभी को आकर्षित किया, चाहे वह अमीर हो या गरीब, राजा हो या आम आदमी, पुरुष हो या फिर महिला। भगवान महावीर जी ने 'जियो और जीने दो' का संदेश दिया है।

महावीर जी कहते हैं कि किसी आत्मा की सबसे बड़ी उसके द्वारा अपने असल रूप को न पहचानना होता है। इस गलती को केवल आत्म ज्ञान की प्राप्ति से ही ठीक किया जा सकता है।

हर जीवित प्राणी के प्रति दया का भाव रखना ही अहिंसा है। घृणा का भाव रखने से मनुष्य का विनाश के अलावा कुछ नही मिलता।

आत्मा इस संसार में अकेली ही आती है और अकेली चली जाती है।

करुणा और दया ही हमें सच्चे मानव बनाती है। वहीं इसके विपरीत घृणा न केवल स्वयं को दुख देती है, बल्कि दूसरों को भी कष्ट पहुंचाती है।

महावीर जी के अनुसार, जो सभी जीवों को मित्र भाव से देखता है, वही सच्चा साधु है।

भगवान महावीर के संदेश मुख्य रूप से अहिंसा, सत्य, और त्याग पर आधारित थे। उनका कहना था कि सत्य बोलो, अहिंसा का पालन करो, अपरिग्रह धारण करो।

प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ और आनंदमय है अर्थात आनंद कोई बाहर से प्राप्त करने वाली वस्तु नहीं है, वह व्यक्ति के अंदर ही होता है।

असली शत्रु व्यक्ति के भीतर ही होता है और वह शत्रु है व्यक्ति का क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति और नफरत। इसलिए लाखों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से बेहतर है कि आप खुद पर विजय प्राप्त करें।

महावीर जी का मानना था कि अगर कोई व्यक्ति सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास करता है, तो वह देवत्व को प्राप्त कर सकता है।

भगवान महावीर जन्मोत्सव
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रिखब चंद जैन, संतोष जैन
राजेश जैन, कृतेश जैन
अव्यय जैन, धृषित जैन
अव्यय टेक्स सूरत
बसंत कुमार जैन (अधिवक्ता)
गोकुल वाटिका, रूद्री रोड, धमतरी

भगवान महावीर जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नवकार ट्रेडर्स - घर संसार
प्रो. नरेन्द्र गोलछा
सम्पत राज गोलछा
गणेश चौक, धमतरी
मो.नं. - 98271-94656

समस्त क्षेत्रवासियों को
भगवान महावीर जन्मोत्सव
... की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नेमीचंद जैन
पूर्व पार्षद धमतरी


जंग एक भी लड़ा नहीं फिर भी जग को जीत लिया
अहिंसा अपरिग्रह, अनेकांत का हमको मंत्र दिया
भगवान महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई
राजेंद्र लुंकड़
संरक्षक राईस मिल एसो. धमतरी
सूर्या राईस मिल
रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)

भगवान श्री महावीर स्वामी
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
अहिंसा परमो धर्मः
Shanti SKB
EVENTS & ENTERTAINMENT
पराग लूनिया (मोती लूनिया)
87705-63238

भगवान महावीर स्वामी को खोजने हम कहां जाएंगे, बिना ठिकाना उनको हम कहां पाएंगे, करो भक्ति वंदना जैसी बंधुओ, भगवान महावीर स्वामी तुम्हारे द्वार स्वयं ही चले आएंगे
महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु :- LV न्यूज एजेंसी धमतरी
लक्की डागा

भगवान महावीर स्वामी
जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
विनय जैन आमदी मंडल अध्यक्ष भाजपा

# डॉ. सैमुअल हैनीमैन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...



धमतरी। डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। ये एक जर्मन चिकित्सक थे और इन्हे ही होम्योपैथी का संस्थापक भी कहा जाता है। जर्मन चिकित्सक और केमिस्ट सैमुअल हैनीमैन (1755-1843) द्वारा व्यापक रूप से सफलता पाने के बाद 19वीं शताब्दी में होम्योपैथी को पहली बार प्रमुखता मिली, लेकिन इसकी उत्पत्ति 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व की है। हैनीमैन उन चिकित्सा तरीकों और दवाओं के खिलाफ थे जो शरीर पर साइड इफेक्ट डाल रहे थे। उनके इसी सोच ने चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ ऐसा खोजा, जिससे उन्हें होम्योपैथी के संस्थापक के रूप में पहचान मिली। होम्योपैथी एक ऐसी



चिकित्सा प्रणाली है, जो मानती है कि शरीर खुद को ठीक कर सकता है। होम्योपैथी दवाओं द्वारा काफी सालों से बीमारियों का उपचार किया जा रहा है, लेकिन हां कोरोना के बाद से लोग उपचार को और ज्यादा अपना रहे हैं। इसकी एक वजह यह है कि इसमें किसी तरह के साइड इफेक्ट की संभावना कम होती है। दुनियाभर में किसी बीमारी के इलाज के लिए एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी ये चार तरह की चिकित्सा पद्धति अपनाई जाती है। 1700 के अंत में जर्मनी में इस चिकित्सा को विकसित किया गया था, जिसे आज भी कई यूरोपीय देश फॉलो कर रहे हैं। भारत में भी होम्योपैथी दवाओं से कई लोगों को बीमारियों को ठीक करने में मदद मिली है।





















## अंचल की खबरें

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया



**नगरी।** भाजपा के स्थापना दिवस अटल चौक भीतररास बूथ क्रमांक 192, 193 में भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी छिपलीपारा नरेंद्र, बल्लू सेन, निखिल साहू, बूथ अध्यक्ष बीरेन्द्र शांडिल्य, बूथ अध्यक्ष लोकेश नेताम, उपसरपंच सुनील यादव, महामंत्री लकेश्वर शांडिल्य, सुमेरु चंद शांडिल्य, गिरीश शांडिल्य, चंद्रकांत शांडिल्य, नीलेश्वर बिसेन, भरोसा नेताम, गुलशन शांडिल्य, विमल गौर, संदीप शांडिल्य, निकेश बिसेन, सताऊ नेताम, सागर नेताम, अरुण शांडिल्य, दिलीप शांडिल्य, शिव यादव, रोशन नाग, मिथिलेश नेताम उपस्थित थे।

### परखंदा में भाजपा का स्थापना दिवस मना



**कुरूद।** ग्राम परखंदा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभा आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री कुरूद टिकेश साहू एवं सरपंच माधुरी मोहित साहू सहित कार्यकर्ताओं ने भारतमाता, अटलबिहारी बाजपेई , डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर गिरेंद्र साहू, धनेश्वरी ध्रुव, चैन साहू, टीकाराम साहू, रबी ध्रुव, चंपू निर्मलकर, शत्रुघन बारले, विवेक वैष्णव, दुर्गेश यादव, नरोत्तम साहू, मोतीलाल साहू, रोहित यादव, संतोष निषाद, रामजी निषाद, शोभाराम पटेल, पदमा साहू, खिलेश साहू, टेकराम साहू, पूजा, मिथिला साहू, युगल, शिवराम, रूपराम, उग्गू रजक, लक्ष्मी साहू, सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सफाई कर्मचारियों को मार्च माह का नहीं मिला पेमेंट



**मगरलोड।** मगरलोड ब्लॉक के स्कूल सफाई कर्मचारियों को मार्च माह का पेमेंट नहीं मिला है। जिला अध्यक्ष मालिक राम गायकवाड़, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी मरकाम, सचिव लोमश खुंटे, भुवनेश्वर कुमार निषाद ने जिला शिक्षा अधिकारी को अपनी समस्या से अवगत कराया। समस्या सुनने के बाद उन्होंने पेमेंट दिलाने का आश्वासन दिया है।

### सुशासन त्योहार शिविर में 28 आवेदन मिले



**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। 8 अप्रैल को प्राप्त कुल 28 आवेदनों में से 24 मांग एवं 4 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए हैं। शिविर का प्रचार-प्रसार मुनादी के माध्यम से किया जा रहा है। नगर के आम नागरिक शिविर में उपस्थित होकर नगर विकास हेतु एवं विभिन्न समस्याओं एवं मांग संबंधित आवेदन दे सकते हैं। शिविर का आयोजन 11 अप्रैल तक किया जावेगा। शिविर स्थल पर पार्षद चेतन बिद्रोकर, यादराम गायकवाड़, लोमसिंग, पूर्व एल्डरमेन शांति बाई देवांगन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार चौहान, उप अभियंता संजय कुमार पैकरा एवं कर्मचारी बिसालराम कोसले, दीनूराम साहू, उज्ज्वल निषाद, तिनेश्वर साहू, गिरधारी साहू, सुरेश कुमार साहू, जयनारायण साहू, तामेश्वर सिन्हा, केशव बंजारे उपस्थित थे।

### रामचरित मानस की महत्ता पर प्रकाश डाला



**नगरी।** श्री राम नवयुवक परिषद द्वारा मानसगान का सम्मेलन गांधीचौक राजाबाड़ा नगरी में किया गया था। मानस मंडलियों ने रामचरित मानस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मानस मंडियों को समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में नगर पंचायत, नगर व्यवस्था समिति, श्री राम नवयुवक परिषद समेत नगरवासियों का योगदान रहा। दूर-दूर से आई मानस मंडलियों को सुनने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे।

भाजपा ने आयोजित किया पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन, कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

# पार्टी की विचारधारा अमर है, कार्यकर्ता उसका जीवंत स्वरूप है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत में चुनकर आये प्रतिनिधियों एवं भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

बुधवार को भाजपा कार्यालय कुरुद में विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इस अवसर पर विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने कहा कि विचारधारा अमर है, कार्यकर्ता उसका जीवंत स्वरूप है। जो कार्यकर्ता ईमानदारी से जनता के बीच रहते हैं और संगठन के निर्णयों का सम्मान करते हैं, वे ही जनता का विश्वास जीतते हैं। उन्होंने उन कार्यकर्ताओं को आगाह किया जो केवल अवसरवादी दृष्टिकोण रखते हैं। उनका राजनीतिक जीवन सीमित होता है। श्री चंद्राकर ने प्रामाणिकता, प्रासंगिकता, उपयोगिता और विश्वसनीयता को एक कार्यकर्ता के



जीवन का चार आधार स्तंभ बताया।

### 2 करोड़ 94 लाख के विकास कार्यों का मिलेगा लाभ

विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि उन्हें 2 करोड़ 94 लाख रुपये की विकास राशि मिली है। मिल्क रूट बनेगा जिससे किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निर्माण कार्यों से पहले जनता की समस्याओं और उनकी आवाज को प्राथमिकता दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी की वर्तमान बैठक किसी निर्माण समिति के लिए नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को उनके राजनीतिक दायित्व, विचारधारा के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने अपने गांवों में पौधरोपण कर तापमान को दो डिग्री तक कम करने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर भाजपा के संघर्ष और विचारधारा को रोचक तरीके से जनता तक पहुंचाएं।

प्रदेश आमंत्रित सदस्य निरंजन सिन्हा ने कहा कि आज कार्यकर्ताओं की वजह से पार्टी एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है। देश के विभिन्न प्रदेश में भाजपा की



सरकार है। पार्टी को खड़ा करने और सत्ता तक लाने में हर कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहता है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने पार्टी द्वारा तय किए गए सभी कार्यक्रमों को प्राथमिकता से आयोजित करने की बात कही। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष कुरुद कृष्णकांत साहू ने किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष भखारा ज्योति जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड बीरेन्द्र साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष सिंधु बैस व श्याम साहू, सिर्री मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, मेघा से कल्याण सिंह, भखारा से रवि सिन्हा, हरिशंकर सोनवानी, नारायण गिरी, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, आनंद यदु, चोवाराम गंजीर, रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, आदर्श चंद्राकर, कुलेश्वर चंद्राकर के अलावा पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### पीएचसी चटौद में बस्तर की महिला का सुरक्षित प्रसव




**जीजामगांव।** पीएचसी चटौद में महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। श्रीमती राखी मौर्य पति सूरज मौर्य निवासी तारागांव बस्तर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। राखी मौर्य ने बताया कि वह आईबीएफ तकनीक इंद्रा आईबीएफ से इलाज करा रही थी। दो बच्चों का होना बताया था। सामान्य जांच के लिए रायपुर जा रहे थे कि रास्ते में दर्द चालू हो गया और एक बच्चे का जन्म दरबा के पास हो गया जिसके कारण वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद में आए जहां पर दूसरे बच्चे का सामान्य प्रसव संजय साहू के मार्गदर्शन में स्टाफ नर्स द्वारा कराया गया। दोनों बच्चों का वजन कम होने के कारण प्राथमिक उपचार पीएचसी में किया गया और मेडिकल कालेज रायपुर रिफर किया गया। सुरक्षित प्रसव कराने पर मौर्य दंपति ने स्टाफ का आभार जताया। इस कार्य में संस्था प्रभारी संजय साहू, गीतांजलि, डाली कश्यप, नीलिमा शर्मा, माहेश्वरी बघेल, लीना, गीता का सहयोग रहा।

## रामनवमी पर श्रीराम जानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिर्री के बाजार चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम युवा हिन्दू संगठन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिर की मूर्तियों को नया वस्त्र धारण कराने के पश्चात पुष्प अर्पण किया गया। श्रद्धालुओं ने अपनी भक्ति प्रकट करते हुए श्रीफल के साथ ही पुष्प चढ़ाए। भगवान को भोग भी लगाया गया। सुंदरकांड का पाठ भी भक्तों द्वारा किया गया। इस पूजा में यजमान के रूप में अरुण विश्वकर्मा, रोशन विश्वकर्मा शामिल हुए। इस आयोजन में श्रीराम युवा हिन्दू संगठन एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## सांकरा में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सांकरा के अमरनाथेश्वर राम मंदिर में पूजा-अर्चना कर रामनवमी पर शोभायात्रा निकाली गई। बस्तरिहा नाचा व शंकर पार्वती, दुर्गा माता, काली माता, बजरंग बली की झांकी के साथ शोभा यात्रा अमरनाथेश्वर से बस स्टैंड, छिंदपारा, टिकरापारा, बीचपारा से शंकर चौक, नंदी चौक होते हुए गांव का भ्रमण किया। रामनवमी शोभायात्रा पर भक्तों के लिए जगह-जगह प्रसाद व राम रस का वितरण किया गया। शोभायात्रा में हिंछापुर की दुर्गा वाहिनी की सदस्यों ने भी



अपना योगदान दिया।

मौके पर प्रवीर साहू अध्यक्ष श्रीराम सेना, कोषाध्यक्ष भारत पटेल, सचिव डेविड साहू, उपाध्याय यश विक्की साहू, लीलेश साहू, रेखू केंवट, निकेश निषाद, मिथिलेश पटेल, भावेश साहू, कान्हा साहू, दयानंद यादव, सुकदेव साहू, टेकांत सोनी, बिट्टू सोनी, नागेंद्र बोरझा सरपंच, हरीश साहू उपसरपंच, गिरवर भंडारी, मनोज पटेल, मिलेंद्र पटेल, संदीप पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## सेनचुवा के तालाब में चला सफाई अभियान


**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा के बड़े तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। सरपंच जितेन्द्र साहू, वार्ड पंच भूपेंद्र चन्द्राकर, टेमन चन्द्राकर तथा ग्रामीण नन्ना साहू, सुनील साहू, परमानंद ध्रुव, यशवंत चन्द्राकर, परमेश्वर, टोकेश्वर नेताम, रूपन साहू, सुभाष यादव, कुलेश्वर नेताम, मणि साहू, झामन यादव, राजा ध्रुव, जीवन यादव ने जनजागरूकता का परिचय देते हुए प्रेरणादायी पहल की शुरुआत की। श्रमदान से साफ-सफाई की गई।



### निधन

### लालजी साहू

**कोर्रा(भखारा)** भखारा भठेली नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 2 निवासी लालजी साहू का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह लालजी होटल के संचालक तथा ग्राम प्रमुख थे। वे ओंकार साहू के पिता थे। उनके अंतिम कार्यक्रम में सामाजिकगण शामिल हुए।








न्यायालय- तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.

**उपस्थिति सूचना**

क्रमांक /285/ तह. / 2025
भखारा दिनांक 07/04/2025

न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 202501132300002/अ-27 वर्ष 2024-25 पक्षकार पेमिन बाई विरूद्ध लखन पुनिया, गिरधारी ऋषिराज उर्फ डिसीलाल धीरज बाई पिता लखन लाल कास्तकार बंजारी तहसील भखारा आवेदन वास्ते न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कुरूद जिला धमतरी व्यवहार वाद क्रमांक 75 अ / 2023 निर्णय दिनांक 13/06/2024 को ग्राम बंजारी स्थित वादभूमि खसरा नं. 58, 83, 92, 95, 97, 129, 135/1, 89/1, 117 292 रकबा क्रमशः 0.44, 0.09, 0.17, 0.07, 0.17, 0.08, 0.22, 0.17, 0.60, 0.07 हे. का 1/5 हिस्से में वादिनी आवेदिका पेमीन बाई पिता लखन सतनामी निवासी ग्राम अंजोरा तहसील मगरलोड कास्तकार बंजारी तहसील भखारा के स्वत्वाधिकार घोषित किया गया है। माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 कुरूद जिला धमतरी व्यवहार वाद क्रमांक 75 अ / 2023 निर्णय दिनांक 13/6/2024 के पालन हेतु ग्राम बंजारी स्थित वाद का बंटवारा किये जाने आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्रकरण में अनावेदकगण लखन पिता मेहत्तर पुनियाबाई पति लेखन, गिरधारी पिता लखन लाल ऋषिराज उर्फ डिसीलाल पिता लखन लाल धीरज बाई पिता लखन लाल कास्तकार बंजारी तहसील भखारा धमतरी जिला धमतरी की उपस्थिति हेतु आगामी सुनवाई तिथि 16/04/2025 नियत है।

अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित उपस्थिति सूचना पत्र के आधार पर नियत तिथि को स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय से उपस्थित कर अपना पक्ष रखे नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आगे की कार्यवाही की जावेगी।

मुहर

तहसीलदार
भखारा







## अंचल की खबरें

### सशिमं में पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर नवागांव कंडेल में कक्षा पांचवीं के छात्रों को शाला परिवार दवारा विदाई दी गई। मौके पर प्रधानाचार्य सातानंद साहू, नंदा डहरिया, चेतन साहू, दीपेश साहू, राधिका, नूतन साहू, घनिका यादव, देवप्रकाश, यशराज समेत शिशु मंदिर के अध्यक्ष गणराज सिन्हा, संतोषी विश्नोई, दवारिका प्रसाद एवं सरपंच लखनलाल ध्रुवे उपस्थित थे।

### बिजनापुरी में सुशासन तिहार मनाया गया



**धमतरी।** छग शासन द्वारा 8 अप्रैल से 31 मई तक सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। ग्राम बिजनापुरी के पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच हेमलाल ध्रुव, उपसरपंच खेमलाल साहू, रोजगार सहायक गुरोत्तम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गिरिजा माली, शिक्षक गोविंद कुमार साहू समेत अन्य मौजूद थे। ग्रामीणों ने अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

### राजयोगिनी रतनमोहिनी को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** राजयोगिनी डॉ दादी रतनमोहिनी ब्रम्हाकुमारी मुख्य प्रशासिका को शहरवासियों ने श्रद्धांजलि दी है। शहर के नागरिकों ने कहा कि 12 वर्ष से यज्ञ में समर्पित जीवन जीने वाली दादी जी का अवतरण दिवस हम सबके लिए परमात्मा का दिव्य उपहार है। आपकी प्रशासनिक क्षमता, वात्सल्य, करुणा, दया और क्षमा से ओतप्रोत आपका आंचल हम सबको रुहानियत भरे स्नेह व वरदानों से भरपूर करता था। मौके पर ओंकार साहू विधायक, रामू रोहरा महापौर, रंजना साहू पूर्व विधायक, विजय देवांगन, पूर्व महापौर, शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस, मोहन लालवानी, डॉ सरिता दोशी समेत विभिन्न संगठन व संस्था के सदस्य मौजूद थे।

### जनपद पंचायत धमतरी में स्थायी समितियों का गठन



**धमतरी।** जनपद पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में स्थायी समितियों का गठन हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सामान्य प्रशासन समिति, शिक्षा समिति, कृषि समिति, संचार तथा संकर्म समिति, सहकारिता ऊर्जा उद्योग समिति, खनिज समिति, महिला बाल विकास समिति,वन समिति का गठन हुआ। सामान्य प्रशासन समिति अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ,शिक्षा समिति के सभापति केशव साहू, कृषि स्थायी समिति के सभापति अग्रवाल साहू, संचार तथा संकर्म समिति की सभापति श्रीमती अनिता यादव, सहकारिता ऊर्जा उद्योग समिति सभापति दिलीप सेन, वन समिति सभापति जयंती ध्रुव ,खनिज समिति की सभापति नम्रता दिली, महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती देहुति साहू चुनी गई। इस अवसर पर एसडीएम पीयूष तिवारी, सीईओ दीपक ठाकुर, एजीपीओ वीरेंद्र साहू, लालचंद दिली समेत अन्य मौजूद थे।

### आज निकलेगी जैन समाज की बाइक रैली

**नगरी।** जैन समाज द्वारा गुरूवार को सुबह 5.30 बजे प्रभातफेरी ओसवाल भवन से निकाली जायेगी जो नगर भ्रमण करते हुए वापस ओसवाल भवन पहुंचेगी। प्रार्थना प्रात 6.30 बजे से होगी। शोभायात्रा 9 बजे से जैन मन्दिर से नगर भ्रमण होते हुए वापस जैन मन्दिर पहुंचेगी। महावीर स्वामी महापूजन दोपहर 1.30 बजे जैन मंदिर में विधिकारक विमल पारख धमतरी द्वारा किया जायेगा। मोटरसाइकिल रैली 4.30 बजे से जैन मन्दिर से निकलेगी। ओसवाल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम 8 बजे से होगा। 11 अप्रैल को आचार्य प्रवर रामलाल महाराज के जन्म जयंती महोत्सव पर व्यसन मुक्ति एवं शाकाहार रैली प्रातः 5.30 बजे निकाली जायेगी। प्रार्थना 6.30 बजे होगी। आयबिंल व्रत रूखमा बाई गोलछा के निवास स्थान पर रखा गया है। रात्रि 8 बजे ओसवाल भवन में भगवान महावीर स्वामी एवं पूज्य आचार्य प्रवर के जीवन पर आधारित प्रतियोगिता होगी।

### कौहाबाहरा में भाजपा का स्थापना दिवस मना

**नगरी।** भाजपा मंडल कुकरेल के शक्ति केंद्र दुगली के ग्राम कौहाबाहरा के दोनों बूथों में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर कार्यक्रम सहसंयोजक जनपद सदस्य कलावती मरकाम, श्यामा चरण मंडावी, बूथ कार्यक्रम प्रभारी प्रेमसिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, रामकुंवर मंडावी, आशाराम ओट्टी, भोज सोनवानी उपस्थित थे।

एक शादी के लिए पूरे 5 से 6 हजार का सेटअप लगता है

# शादी सीजन में बिजना, कलसा, पर्रा, मौर की डिमांड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में शादी का सीजन है। अधिकतर गांवों में एक ही दिन में दर्जनों शादियां हो रही हैं। छत्तीसगढ़ी संस्कृति में खासकर ग्रामीण क्षेत्र में जनवरी से लेकर मार्च, अप्रैल तक शादी का सीजन रहता है। इसके बाद लोग अपने काम धंधे में लग जाते हैं।

ग्रामीण अंचल की शादी में अमूमन बहुत सारी सामाग्रियों की जरूरत पड़ती है जिसे छत्तीसगढ़ी में नेग कहते हैं। शादी के अवसर पर बिजना, पर्रा, मौर, कलसा, हाथों का पंखा, चटाई, लट्ठा, कपड़ा, तेलचघी मौर, बांस की डंडी, बांस की टोकरी, सूपा, डलिया, सिंघोलिया, तेलचघी पाटा आदि हैं। इसके बिना शादी नहीं होती। पहले यह सामान आसानी से





मिल जाता था। अब इस दौर में सिर्फ बाजारों में ही मिलता है वह भी शादी के सीजन पर। बांस से बना सामान अब पहले की अपेक्षा काफी महंगा हो गया है लेकिन नेग के चलते सभी सामान खरीदना ही पड़ता है। शहर के इतवारी बाजार, गोलबाजार, रामबाग बाजार में यह सामान मिलता है। इतवारी बाजार में सामान बेचने आई महिला बसंती बाई ने बताया कि बांस महंगा होने से उससे बना सामान भी महंगा हो गया है। कारीगरों का रेट बढ़ गया है। पहले सभी गांव में कारीगर हुआ करते थे। अब बांस के सामान बनाने वाले कारीगरों की संख्या कम हो गई है। पुराने बुजुर्ग महिला, पुरूष ही बनाते हैं। उन्होंने बताया कि शादी का एक सेट 5 से 6 हजार तक में मिलता है। कई लोग पूरा सेट खरीदते हैं तो कई चिल्हर सामान खरीदने में रूचि रखते हैं। उन्होंने बताया कि सूपा, पर्रा 300 रूपये प्रति नग जोड़ी में 500 रूपये में बिकता है। डलिया, टोकरी 100 रूपये से लेकर 500 रूपये जोड़ी है। पंखा 500 रूपये, मौर 50 रूपये जोड़ी है। चार माह के बाद इसे खरीदने वाला कोई नहीं होता। आने वाले वर्षों के लिए बचत सामान खराब हो जाता है। बांस के बने होने के कारण यह काला पड़ जाता है जो छंटनी में चला जाता है। नये सामान में चमक होती है जो हाथोंहाथ बिक जाता है।

एक अन्य महिला सरोज बाई ने बताया कि उनका सामान बस्तर क्षेत्र से आता है जहां बहुतायत मात्रा में सस्ते में बांस मिलता है। आसपास के क्षेत्र से मंगाए गए सामान काफी महंगे होते हैं। जिससे उनकी रोजी रोटी नहीं निकलती। थोक रेट में एक साथ 2 से 3 लाख का सामान बड़े वाहन से मंगा लेते हैं जिसे चिल्हर और थोक में बेचते हैं।

## सुशासन तिहार : डीईओ ने देखी कार्यालयों की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों एवं शासकीय कार्यालयों की व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। सुशासन तिहार योजनांतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले एवं सहायक संचालक एलडी चौधरी शासकीय कार्यालयों में अकस्मात पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं। 9 अप्रैल बुधवार को अधिकारी शाम 5 बजे कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय धमतरी पहुंचकर सुशासन तिहार की वास्तविक स्थिति से अवगत हुए। कार्यालय में लगे सुशासन तिहार फ्लैक्स और स्थापित किये गये लेटर बाक्स को प्रत्यक्ष देखा। समय पर सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान बीईओ धमतरी अमित तिवारी एवं बीआरसीसी ललित सिन्हा व शिक्षक उपस्थित थे। डीईओ श्री जगदल्ले ने व्यवस्था देखने के बाद सुशासन तिहार अंतर्गत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## हमारा जीवन स्वतंत्र तो है लेकिन स्वच्छंद नहीं

- विकार से संस्कार की ओर विषय पर हुआ प्रवचन
- विश्व नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार मंत्र का हुआ जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा विश्व नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार मंत्र का जाप हुआ। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीने 9 अप्रैल को विश्वनावकर दिवस घोषित किया है। आज पूरे देश में सामूहिक नवकार मंत्र का जाप हुआ। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे से 8:30 बजे तक गांधी चौक में नवकार मंत्र का जाप किया गया। इसके बाद विकार से संस्कार की ओर विषय पर सर्व धर्म हेतु प्रवचन का आयोजन किया गया।

मनीष सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज हमारे पास साधन, सुविधा और संपत्ति तो दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन जीवन में संस्कारों को कमी आती जा रही है। आज हमारा जीवन स्वतंत्र तो है







लेकिन स्वच्छंद नहीं। यही कारण है कि संस्कारों के स्थान पर विकारों को हम जीवन में स्थान दे रहे हैं। आज हमें अपनी स्वतंत्रता का लाभ अपने संस्कारों को बढ़ाने में करना है। भारत ऋषि मुनियों की भूमि है।

विनम्र सागर ने कहा कि जहां सज्जनों के मुख से नवकार मंत्र का जाप होता है वह स्थान संस्कारों की गंध से महक उठता है। विकार और संस्कार एक दूसरे के विपरीत है। संस्कार एक वृक्ष की शीतल छाया के समान है। जबकि विकार गर्मी के भीषण उष्ण की तरह हमें जलाने वाला होता है।

हंसकीर्ति श्रीजी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि परमात्मा के पांच कल्याणक च्यवन कल्याणक, जन्म कल्याणक, दीक्षा कल्याणक, केवलज्ञान कल्याणक और निर्वाण कल्याणक होते हैं। भगवान महावीर ने संसार को जीयो और जीने का संदेश दिया। नवकार जाप व प्रवचन के दौरान पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, राजेन्द्र शर्मा, पिंटू यादव, विजय ठाकुर, महेन्द्र खण्डेलवाल, चंदू जसवानी, बिशेषर पटेल, डा एनपी गुप्ता, हरजिन्दर छाबड़ा, परमेश्वर फुटान, राजेश साहू, दिनेश रोहरा, कैलाश कुकरेजा, महेश रोहरा, हर्षद मेहता, होरीलाल साहू, शत्रुघन पाण्डेय, नन्दू जसवानी, राजकुमार मीनपाल, एकनाथ सोनी, राकेश दीवान, कीर्ति शाह, सूर्यप्रभा चेटियार, सुषमा नन्दा सहित बड़ी संख्या में सर्वधर्म व जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत, कांग्रेस जांच समिति परिवार से मिलने भंवरमरा पहुंची

- जांच टीम ने परिजनों से की बातचीत, पिता ने बताया पिटाई से दुर्गेश का शरीर काला पड़ गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अर्जुनी थाना में पुलिस अभिरक्षा में हुई युवक की मौत को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति इसी सिलसिले में मृतक के गृहग्राम भंवरमरा (राजनांदगांव) पहुंची। मृतक के घर में उनकी पत्नी दुर्गा कठोलिया और दो बच्चे थे। जांच समिति को दुर्गा कठोलिया ने बताया कि 29 मार्च को परिवार सहित रतनपुर मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी शाम 6:30 बजे के आसपास दुर्ग के डी-मार्ट में समान ख़रीदारी के दौरान कुछ पुलिस सिविल ड्रेस में आई और दुर्गेश को मेरे व मेरे बच्चों के सामने पीट-पीटकर व गाली गलौज करते हुए बिना एफआईआर रिपोर्ट दिखाये मेरे पति (मृतक दुर्गेश कठोलिया) को गाड़ी में बिठाकर धमतरी जिले के अर्जुनी थाना ले गए। डी-मार्ट के पास मेरे द्वारा (मृतक की पत्नी) पुलिस से जवाब मांगा गया व उनकी आईडी दिखाने के लिए बोला गया तो पुलिस ने दोनों बच्चों को डराकर जेल में डालने व महिला कांस्टेबल बुलाने की धमकी



दी। उनकी पत्नी ने बताया कि उनके पास घर जाने के लिये एक भी पैसा नहीं था। चिंतित हालत में घर पहुंचे। उसी रात 12:15 बजे थाना प्रभारी ने मृतक की पत्नी के पास फोन लगाया तब मृतक की पत्नी रोते हुए बार-बार अपने पति का पता पूछने लगी पर पुलिस ने उन्हें गुमराह में रखने का प्रयास किया। दूसरे दिन 30 मार्च रविवार को सुबह मृतक की पत्नी, माता व पिता घर से धमतरी पहुंचकर अपने परिचित से जानकारी लेकर रुद्री थाना व अर्जुनी थाना में पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि दुर्गेश कठोलिया को अर्जुनी थाना में बर्बरतापूर्वक पीटकर बंदी बनाकर रखा गया था। दुर्गेश का परिवार 6 बजे भंवरमरा राजनांदगाव चला गया। रात्रि 8 बजे के आसपास 8 से 9 पुलिस वाले दुर्गेश कठोलिया को अधमरे हालत में जंजीर से बांधकर उनके घर भंवरमरा गांव के कुछ किसानों के साथ तलाशी के लिये पहुंचे। उनके घर में पुलिस ने दुर्गेश को लोहे की जंजीर से मारकर बुरी तरह चोटिल कर उन्हें ठीक से खड़ा होने के लायक भी नहीं छोड़ा। उनका शरीर मार के कारण काला पड़ गया था। मृतक ने परिवार से रो-रोकर तड़पते हुए कहा कि पुलिस वाले मुझे जान से मार डालेंगे बचा लो। परिवार से मृतक ने पानी पीने की गुहार लगाई। परिवार ने पानी पिलाने का प्रयास किया मगर पुलिस ने उनकी माता - पत्नी के हाथ से पानी का गिलास छीनकर फेंक दिया। लगभग पुलिस वालों ने तीन घंटे तक भंवरमरा में मृतक के घर की तलाशी ली। मृतक पर 12 करोड़ का आरोप लगाया गया। लेकिन घर से पुलिस के छानबीन के बावजूद 12 हजार रूपये भी नहीं मिले। पुलिसवाले परिवार से केस रफा-दफा करने के नाम पर 50 लाख की डिमांड करने लगे। एक किसान अपने आप को भाजपा नेता बताकर धौंस दिखाकर परिवार को डराने लगे। पुलिस रात्रि 12 बजे दुर्गेश कठोलिया को अर्जुनी थाना ले गई। परिवारवालों का कहना कि इसी रात ही पुलिस कस्टडी में मार से ही दुर्गेश कठोलिया की मौत हुई है। 31 मार्च सोमवार को सुबह 7 बजे 2-3 पुलिस पुनः उनके घर भंवरमरा पहुचे और मृत दुर्गेश की तबीयत ख़राब बताकर इलाज करवाने की अनुमति के नाम पर पोस्टमार्टम पत्र पर हस्ताक्षर करवाने डराने धमकाने लगी मगर परिवार जनों ने अनुमति फ़ॉर्म में हस्ताक्षर नहीं किया। उसके बाद परिवारवाले धमतरी जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उनके पुत्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए लावारिस हालत में फेंक दिया गया था। पोस्टमार्टम करने के लिए पुलिस ने परिवार पर दबाव बनाया और पैसे का लालच देकर पोस्टमार्टम के लिए हस्ताक्षर लेने का प्रयास किया। उसके पिता ने बताया कि मृतक के शरीर में गंभीर चोट थी। उनका शरीर पूरा काला पड़ गया था। कांग्रेस जांच समिति अर्जुनी थाना पहुंची तो अर्जुनी थाना के विवेचक ने बताया कि दुर्गेश कठोलिया को 30 मार्च की रात्रि 2 बजे गिरफ्तार किया गया जिसकी एफआईआर शाम 4:30 बजे हुई और शाम 7:30 बजे भंवरमरा के लिये निकले जबकि दुर्गेश की पत्नी व उनके बच्चों का कहना है कि मृतक दुर्गेश को डी मार्ट दुर्ग से शाम 6:30 बजे के आसपास पुलिस मारपीट करते हुए अर्जुनी थाना ले गई। जबकि अर्जुनी थाना की सीसीटीवी फुटेज नहीं दिखाई गई।

जांच समिति ने अर्जुनी थाना से जो - जो पुलिसकर्मी गिरफ्तारी के लिए उनके घर गए थे साथ में जो किसान इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई है, उनकी जानकारी मांगी है। जांच के दौरान संयोजक कुंवरसिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, धमतरी विधायक ओंकार साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, राजनांदगांव कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा समेत भंवरमरा के सरपंच व मृतक परिजन उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**नगरी।** ग्राम बागरूमनाला में भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर गोटा, बिसंभरर यादव, संतराम मंडावी, सुकलाल नेताम, राम मंडावी, रमेश गोटा, विजय नेताम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यकर्ताओं ने संगठन की दृढ़ता और सेवाभाव के प्रतीक के रूप में मनाते हुए पार्टी के सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)



कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कॉम्पटेक महाविद्यालय में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर धमतरी में सत्र 2024-25 में अकादमिक, सांस्कृतिक, खेल एवं साहित्यिक क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और उनके सम्मान के लिए महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम अकादमिक पुरस्कार कक्षा बीसीए अंतिम वर्ष से प्रथम स्थान पर रही स्नेहा साहू, द्वितीय चांदनी साहू एवं तृतीय जागेश्वर सिन्हा, बीसीए द्वितीय वर्ष में प्रथम भारती यादव, बीसीए प्रथम वर्ष में प्रथम प्रशांत देवांगन, द्वितीय यश साहू एवं तृतीय स्थान पर भूषण निषाद ने प्राप्त किया। पीजीडीसीए सत्र 2023-24 से प्रथम नूकेश्वरी मारकोले, द्वितीय कुंदन लाल साहू, तृतीय स्थान लोचन साहू ने प्राप्त किया। बीकाम प्रथम वर्ष से प्रथम अल्का फुटान, द्वितीय त्रिलोकनाथ सोनकर एवं तृतीय स्थान कैलाश साहू ने प्राप्त किया। महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम भारती यादव, द्वितीय प्रशांत साहू रहे। क्विज में प्रथम



स्थान टीम संयुक्त को विजय घोषित किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम रितिका कावडे, द्वितीय मनीषा वैष्णव तृतीय भूमिका साहू रही। थाल सजावट प्रतियोगिता में प्रथम भारती, द्वितीय भूमिका रही। मेहंदी प्रतियोगिता में गीतांजलि प्रथम, रेशमी द्वितीय, चिन्तेश्वरी तृतीय एवं कंसोलेशन प्राइज राशि साक्षी को मिली। कुर्सी दौड़ में प्रथम वसीम तथा रेशमी, स्लो साइकिल रेस में प्रथम कमल नारायण तथा गुंजा एवं भारती यादव, 100 मीटर दौड़ में वसीम, गीतांजलि, किरण, बैडमिंटन में खुमेश्वर एवं गुंजा री।

रस्साकसी में झम्मन एवं टीम, गर्ल्स में यामिनी एवं टीम, खो-खो में तृष्णा एवं टीम, गर्ल्स में देविका एवं टीम। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर वेटलिफ्टिंग में धमतरी जिले का नाम रोशन करने वाली महाविद्यालय की छात्रा कविता ढीमर को मेडल, मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आशीष नामदेव, प्रोफेसर डॉ. रीना नामदेव, संजय जगताप, मनीष यादव, केदार सिंह साहू, सीमा सोनी, शशि साहू, भुजेश मंडावी का विशेष योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com





By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई,
27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020